पंचदश बिहार विधान सभा

दशम् सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-06 | शुक्रवार, दिनांक-02 अगस्त, 2013 ई० ।

मानननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 09.00 बजे पूर्वाह्न से 12.10 बजे अप० तक ।

[1] **सामान्य लोकहित के विषय पर चर्चा :-**

बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-105 के अन्तर्गत चर्चा हेतु श्रीमती उषा विद्यार्थी, श्री प्रमोद कुमार एवं श्री अब्दुलबारी सिद्दिकी, स०वि०स० से प्राप्त सूचना ''महाबोधि मंदिर गया में श्रृंखलाबद्ध विस्फोट, जमुई स्टेशन पर हुए नक्सली हमला, बगहा में थारू समुदाय पर हुए गोली काण्ड एवं राज्य में विधि व्यवस्था में गिरावट से उत्पन्न स्थिति'' पर चर्चा:- मा० सदस्या श्रीमती उषा विद्यार्थी द्वारा 'महाबोधि मंदिर गया में श्रृंखलाबद्ध विस्फोट, जमुई स्टेशन पर हुए नक्सली हमला, बगहा में थारू समुदाय पर हुए गोली काण्ड एवं राज्य में विधि व्यवस्था में गिरावट से उत्पन्न स्थिति' पर चर्चा का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा मा० नेता प्रतिपक्ष श्री नंदकिशोर यादव द्वारा पक्ष रखा गया । चर्चा में निम्नांकित मा० सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री विनोद प्रसाद यादव
(ii) श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी
(iii) श्री मो० अफाक आलम
(iv) श्री अवधेश कुमार राय
(v) श्री दिलीप वर्मा
(vi) श्री प्रेम कुमार
(vii) श्री राजेश सिंह

मा० सदस्य श्री पवन कु० जायसवाल, श्री विनय बिहारी, श्री दुलालचन्द्र गोस्वामी एवं श्री सोमप्रकाश सिंह वक्तव्य के लिए कम समय दिए जाने के विरोध में सदन से बहिर्गमन कर गए ।

(viii) श्रीमती ज्योति रश्मि
(ix) श्री रणविजय सिंह
(x) श्री चन्द्रमोहन राय

सरकार की ओर से मा० मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा चर्चा का उत्तर दिया गया । सरकार के उत्तर से असंतुष्ट होकर राजद एवं भाजपा के मा० सदस्यगण क्रमशः सदन से बहिर्गमन कर गए ।

[2] प्रश्नोत्तर काल :-

(i) 04 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 16 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iii) 01 तारांकित प्रश्न अपृष्ठ ।

(iv) 106 तारांकित प्रश्न अनागत ।

[3] कार्यस्थगन :-

मा० सदस्य श्री प्रेम कुमार द्वारा दिए गए कार्यस्थगन की सूचना नियमानुकूल नहीं रहने के कारण अमान्य किये जाने की घोषणा आसन द्वारा की गयी ।

[4] शून्यकाल :-

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर निम्नांकित मा० सदस्यों द्वारा सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया :-

(i) श्रीमती पूनम देवी यादव (ii) श्री विनोद प्रसाद यादव

(iii) श्री प्रदीप कुमार

[5] सभा मेज पर कागजात का रखा जाना :-

(i) मा० मंत्री, श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा बिहार राज्य स्थानीय क्षेत्र में उपभोग, व्यवहार अथवा बिक्री के लिए माल के प्रवेश पर कर अधिनियम, 1993 की धारा-9(4) के तहत् अधिसूचना सं०- एस०ओ०- 177, 178, 179 एवं 180 दिनांक 21.03.2013 तथा बिहार मूल्यवर्द्धित कर अधिनियम, 2005 की धारा-99 के तहत् अधिसूचना सं०- 193, 194, 195 एवं 196 दिनांक 01.04.2013 ; एस०ओ०- 218, 219, 220 एवं 221 दिनांक 09.05.2013 की एक-एक प्रति को सदन पटल पर रखा गया ।

आसन से घोषणा की गई कि ये 14 दिनों तक सदन पटल पर रखा रहेगा ।

(ii) मा० प्रभारी मंत्री, आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का वर्ष 2011-12 के वार्षिक प्रतिवेदन की प्रति को सदन पटल पर रखा गया ।

(iii) मा० सभापति, शून्यकाल समिति, श्री अवनीश कुमार सिंह द्वारा समिति का 51, 71, 72, 73, 74, 75, 76, 77 एवं 79वाँ प्रतिवेदन की एक-एक प्रति को सदन पटल पर रखा गया ।

[6] याचिकाओं का उपस्थापन :-

प्रभारी सचिव द्वारा कुल 79 याचिकाओं का उपस्थापन सदन पटल पर किया गया ।

[7] ध्यानाकर्षण सूचनाएँ :-

आसन से घोषणा की गई कि आज के लिए सूचीबद्ध ध्यानाकर्षण सूचनाओं को प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण समिति को सौंपा जाता है ।

(भोजनावकाश के बाद)

समय 2.00 बजे अप० से 5.45 बजे अप० तक ।

[8] गैर सरकारी संकल्प :-

83 गैर सरकारी संकल्प वापस लिए गए ।

05 गैर सरकारी संकल्प स्वीकृत ।

02 गैर सरकारी संकल्प अस्वीकृत ।

02 गैर सरकारी संकल्प अपृष्ठ ।

[9] **<u>प्रश्नों का विवरण</u> :-**

सदन नेता मा० मुख्यमंत्री द्वारा पंचदश बिहार विधान सभा के दशम् सत्र में प्रश्नों के संबंध में निम्न जानकारी दी गई ।

कुल प्राप्त प्रश्न	-	1017
कुल स्वीकृत प्रश्न	-	606 (अल्प सूचित- 12, तारांकित-499, अतारांकित-95)
सदन में उत्तरित	-	33
सदन पटल पर रखे गए प्रश्नोत्तर	-	109
प्रश्नों का उत्तर संलग्न	-	34
अपृष्ठ प्रश्न	-	06
अनागत प्रश्न	-	429

[10] **<u>समापन</u> :-**

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा समापन भाषण एवं धन्यवाद ज्ञापन किया गया :- यथा संलग्न ।
तदुपरान्त सभा की बैठक अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-02.08.2013

फूल झा
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

वृहस्पतिवार दिनांक 01.08.2013 की दैनिक विवरणिका का

शुद्धि पत्र

दिनांक 01.08.2013 के निर्गत दैनिक विवरणिका के क्रमांक [7] वित्तीय कार्य :- 'वित्तीय वर्ष 2013-14 के प्रथम अनुपूरक व्यय-विवरणी में सम्मिलित अनुदान की मांग (उर्जा विभाग) पर वाद-विवाद तथा मतदान' के क्रम सं० (ix) में अंकित नाम को निम्न प्रकार पढ़ा जाय :- श्री जवाहर प्रसाद

पटना

दिनांक-02.08.2013

फूल झा

प्रभारी सचिव,

बिहार विधान सभा, पटना ।